भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1424
गुरुवार, 14 दिसम्बर, 2023/23 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ओडिशा में पर्यटन का विकास

1424 डा. सस्मित पात्रा:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान ओडिशा राज्य में विभिन्न पर्यटन संवर्धन योजनाओं के अंतर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत और उपयोग की गई है;

(ख) ओडिशा में पर्यटन क्षेत्र के विकास हेतु क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) ओडिशा में पर्यटन स्थलों के विकास और संरक्षण हेतु पूरी हो चुकी और चालू परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ओडिशा में नए पर्यटक स्थलों का विकास करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय ने ओडिशा राज्य में पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के तहत राज्य सरकार/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक एवं गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदार गंतव्यों के विकास के लक्ष्य से अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) का नया रूप दिया है। एसडी 2.0 के अंतर्गत ओडिशा राज्य में विकास हेतु 'कोरापुट' गंतव्य को चिह्नित किया गया है।

ओडिशा राज्य में स्वदेश दर्शन 1.0, प्रशाद और केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं, जारी राशि और प्रयुक्त राशि का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय ओडिशा राज्य के पर्यटन गंतव्यों सहित भारत का संवर्धन समग्र रूप से करता है। ओडिशा के पर्यटन गंतव्यों का प्रचार मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट- www.incredibleindia.org के साथ-साथ मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडलों के माध्यम से भी किया जाता है।

*****

अनुबंध

डा. सस्मित पात्रा द्वारा ओडिशा में पर्यटन का विकास के संबंध में दिनांक 14.12.2023 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 1424 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना **(करोड़ रु. में)**

क्र. सं.	राज्य	परिपथ/स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि	प्रयुक्त राशि
1.	ओडिशा	तटवर्ती परिपथ 2016-17	गोपालपुर, बरकुल, सतपाडा तथा तम्पारा का विकास	70.82	67.28	63.25

प्रशाद योजना **(करोड़ रु. में)**

क्र. सं.	राज्य	परियोजना का नाम	स्वीकृति का वर्ष	अनुमोदित लागत	जारी की गई राशि	प्रयुक्त राशि
1.	ओडिशा	मेगा परिपथ के तहत पुरी, श्री जगन्नाथ धाम-रामचंडी-देउली में प्राची रिवर फ्रंट में अवसंरचना का विकास	2014-15	50.00	10.00	उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्रतीक्षित है

पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना **(करोड़ रु. में)**

क्र. सं.	राज्य	परियोजना का नाम	वर्ष	केंद्रीय एजेंसी	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि	प्रयुक्त राशि
1.	ओडिशा	पुरी रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	2016-17	रेल मंत्रालय	6.15	6.15	6.15

*****